लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

कैंप : कंपाला, युगांडा
26 सितम्बर 2019

लोकसभा अध्यक्ष 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र और कार्यशाला में शामिल हुए।

युगांडा की संसद की अध्यक्ष सुश्री रेबेका कडागा के साथ आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की ।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन पर शुभकामना दी ।

लोकसभा अध्यक्ष और भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य आज कम्पाला में 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।

बाद में, लोकसभा अध्यक्ष ने युगांडा की संसद की अध्यक्ष सुश्री रेबेका कडागा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने इस बैठक में आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की । श्री बिरला जी ने बताया कि भारत युगांडा के साथ अपने घनिष्ठ और परंपरागत संबंधों को बहुत महत्व देता है। उन्होंने अनुभव किया कि दोनो देशों की संसद अपने अनुभवों और सर्वोत्तम रीति-रिवाजों को साझा कर सकती हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत ने सदैव ही क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास और भारतीय बाजार तक पहुँच के जरिए युगांडा के राष्ट्रीय और आर्थिक विकास में सदैव सहायता की है। श्री बिरला ने सुश्री कडागा को अपने शिष्टमंडल सहित भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया।

लोकसभा अध्यक्ष और भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने "जलवायु परिवर्तन, उपलब्धियां चुनौतियां और संसदीय पहलों की प्रभावकारिता" विषय पर आयोजित कार्यशाला-क और "संसद में नवाचार - संसद के कार्यकरण पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्रभाव" विषय पर आयोजित कार्यशाला-ख में भी भाग लिया।

सीपी ए की युगांडा शाखा और युगांडा की संसद द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का शुभारंभ युगांडा के राष्ट्रपति महामहिम श्री योवेरी मुसेवेनी ने किया। राष्ट्रमंडल के लगभग 500 सांसद, संसदीय कर्मी और निर्णय लेने वाले प्राधिकारी इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

श्री बिरला ने पूर्व प्रधानमंत्री और राजस्थान से सांसद (राज्य सभा) डॉ मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन पर शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने ट्वीट में उनकी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करने के साथ-साथ इसी प्रकार दीर्घकाल तक राष्ट्र की सेवा करने की प्रार्थना की।

Camp: Kampala, Uganda
26 September 2019

LOK SABHA SPEAKER ATTENDS THE OPENING SESSION AND WORKSHOPS AT 64TH COMMONWEALTH PARLIAMENTARY CONFERENCE

DISCCUSSES MATTERS OF MUTUAL INTEREST WITH SPEAKER OF UGANDAN PARLIAMENT MS. REBECCA KADAGA

GREETS FORMER PRIME MINISTER DR. MANMOHAN SINGH ON HIS BIRTHDAY

Lok Sabha Speaker Shri Om Birla and members of Indian Parliamentary Delegation attended the Opening Session of the 64th Commonwealth Parliamentary Conference in Kampala today.

Later in the day, Shri Om Birla held a bilateral meeting with the Speaker of Parliament of Uganda Ms. Rebecca Kadaga. During the meeting, the two leaders discussed several matters of mutual interest. Shri Birla observed that India values its warm and traditional relations with Uganda. He felt that the Parliaments of the two countries can share their experiences and best practices. He mentioned that India has always supported the efforts for Uganda's national and economic development by way of capacity building, development of human resources and access to Indian Markets. Shri Birla extended an invitation to Ms. Kadaga to visit India with her delegation, which she accepted.

Earlier, the Indian Parliamentary Delegation also attended and participated in Workshop A on the topic "*Climate Change: Achievements, Challenges and Efficacy of Parliament Interventions today*, and Workshop B on "*Innovation in Parliament: the impact of science and technology on how Parliament works".*

Officially opened by President of Uganda H.E. Mr. Yoweri Museveni, the Conference is being hosted by the CPA Uganda Branch and the Parliament of Uganda. Around 500 Parliamentarians, parliamentary staff and decision makers from across the Commonwealth are attending the Conference.

During the day, Shri Birla also greeted former Prime Minister and Member of Parliament (Rajya Sabha) from Rajasthan Dr. Manmohan Singh on his birthday. In his tweet, Shri Birla prayed for long life and good health of Dr. Singh and gave his best wishes to him for the continued service to the nation.